## एक नजर में



### लधु उद्योग संचालन करने वाली महिलाओं के लिये मेला आयोजित करेगा कैट

**ग्वालियर 20 अगस्त.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग द्वारा ऐसी महिला उद्यमियों को जो लधु उद्योगों का संचालन करती हैं, उनका समूह बनाकर प्रत्येक तीन माह में उत्पादों का विक्री मेला आयोजित करेगी और पहला मेला 23 सितम्बर से परिणय वाटिका ग्वालियर में लगेगा। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती रीना गांधी ने बताया कि स्वदेशी एग्जीवीशन में वोकल फोर लोकल के तहत इसमें स्वदेशी सामान के स्टॉल लगाये जायेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर कैट महिला विंग अध्यक्ष डॉ.गरिमा वैश्य की विशेष उपस्थिति में महिला विंग की बैठक होटल विवेक कोन्टीनेन्टल टोपी बाजार में आयोजित की गई। इस बैठक में महिला विग प्रभारी श्रीमती निरूपमा मालपानी ने बताया कि ग्वालियर में प्रथम बार कैट महिला विंग इसका आयोजन कर रही है जिसमें स्वदेशी जागरण मंच एवं अन्य संस्थायें सहयोगी के रूप में रहेगी। बैठक में उपस्थित सचिव सीए शुभांगी चतुर्वेदी ने अभी तक जिन महिला उद्यमियों ने रूचि दिखाई है उनके संबंध में जानकारी दी। श्रीमती रश्मि अग्रवाल, लेखिता सिंघल, ज्योति गोले, रानी गुप्ता, राखी गुप्ता, उपमा मालपानी, सबिता गोयल आदि ने 23,24,25 सितम्बर को लगने वाले मेले में अधिक से अधिक महिला उद्यमियों को सम्मिलित कराने का सुझाव दिया। साथ ही महिला उद्यमियों के लिये प्रत्येक माह एक मेडीकल कैम्प भी आयोजित होगा.

### नागरिक सहकारी बैंक की वार्षिक साधारण सभा 23 को

**ग्वालियर 20 अगस्त.** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित ग्वालियर की 48वीं वार्षिक साधारण सभा 23 अगस्त को दोपहर 4 बजे ''भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान'' आईआईटीटीएम सभागार विश्वविद्यालय मार्ग, सिटी सेंटर, ग्वालियर में आयोजित की जा रही है। बैठक की सूचना बैंक के सभी सदस्यों को सधारण डाक से एवं उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस के जरिये भेज दी गई है। साधारण सभा में बैंक के वर्ष 2024-25 के वित्तीय पत्रकों को स्वीकार करना, वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट की स्वीकृति प्रदान करना, वर्षान्त 2025 के शुद्ध लाभ का विभाजन करना इत्यादि विषयों पर विचार किया जावेगा। बैंक के अध्यक्ष श्री अतुल भदौरिया जी ने बैंक के सभी सम्मानीय सदस्यों से वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित रहने के लिये निवेदन किया है।,

### मनीष सेल्स पर सभी ब्राण्ड के प्रॉडक्ट्स की विशाल रेंज

**ग्वालियर 20 अगस्त.** इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम मनीष सेल्स पर सभी ब्राण्ड्स के प्रॉडक्ट्स की विशाल रेंज उपलब्ध है। विश्व स्तरीय प्रमुख कम्पनियों एलजी, हायर, आईएफबी, लॉयड, केल्वीनेटर और व्हर्लपूल आदि कम्पनियों की वाशिंग मशीन की आधुनिक रेंज उपलब्ध है। टॉप लॉडिंग एवं फ्रण्ट लोडिंग वाशिंग मशीन के अधुनिक मॉडल्स मनीष सेल्स पर आकर्षक ऑफर के साथ उपलब्ध हैं। रु. 888/- की मासिक किस्त पर वाशिंग मशीन मनीष सेल्स से खरीदी जा सकती है। एलजी, हायर, वोल्टास, डाईकिन, ओजनरल, हिताची, लॉयड, टीसीएल, व्हर्लपूल, केल्वीनेटर, आईएफबी मितुबिशी आदि के एयरकंडीशनर की आधुनिक रेंज उपलब्ध है। मनीष सेल्स पर 1.5 टन स्पिलिट ए.सी. की कीमत 29900/- रुपये से शुरू है। मनीष सेल्स पर एयरकंडीशनर 1994 रुपये की मासिक किस्त पर भी मिल रहा है। सोनी, एलजी, हायर और टीसीएल की बड़ी एलईडी छोटी एलईडी की कीमत में मिल रही है। रेफ्रीजरेटर, कूलर, डीप फ्रीजर, वाटर कूलर, घरेलू आटा चक्की, माइकरोवेव ओवन, मिक्सर ग्राइण्डर, चूल्हा चिमनी, गीजर, वाटर प्यूरीफायर, रूम हीटर आदि मनीष सेल्स पर वाजिब कीमतों पर उपलब्ध हैं। मनीष सेल्स द्वारा ग्रहाक को होम डिलेवरी फ्री की जा रही है।



### मनीष ज्वेलर्स के डेली ड्रॉ में निकला कूपन नं. 182

**ग्वालियर 20 अगस्त.** मनीष ज्वेलर्स पर चल रहे चतुर्थ वर्षगांठ महोत्सव में निकाले जा रहे डेली ड्रॉ में आज कूपन नं. 182 निकला। इस कूपन के धारक लोहिया बाजार निवासी श्याम को माइक्रोवेव ओवन दिया जायेगा। आज का ड्रॉ पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता द्वारा निकाला गया। इस अवसर पर नवीन माहेश्वरी, प्रवीण माहेश्वरी, यश माहेश्वरी, रश्मी माहेश्वरी और ग्राहक उपस्थित थे।



### सिविल अस्पताल डबरा में आशाओं की बैठक हुई, बांटे टीकाकरण छाते

ग्वालियर - सिविल अस्पताल डबरा में ब्लॉक की आशाओं एवं आशा सहयोगिनी की बैठक हुई, बैठक में जिला मीडिया अधिकारी आईपी निवारिया एवं जिला कम्युनिटी मोबीलाईजर एम एस खान ने आशाओं के कार्य की समीक्षा की समीक्षा मलेरिया,टीकाकरण,एएनसी, एच.आर.पी. क्लीनिक, परिवार कल्याण, आशा भुगतान, गर्भवती महिलाओं के रैफर एवं 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता पर चर्चा की गई। इसी के साथ आशाओं को धूप में बचने एवं टीकाकरण के प्रचार-प्रसार हेतु कौन सा टीका कब लगता है यह लिखे हुए छाते वितरित किये गये, बैठक में सीबीएमओ डॉ. त्यागी , बीपीएम राकेश गुप्ता, मलेरिया निरीक्षक त्रिवेदी, बीसीएम आदि उपस्थित थे।

### चीनौर में सर्वे के साथ लगाई जन चौपाल

ग्वालियर - भितरवार विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत चीनौर में हर वर्ष 20 अगस्त को मनाए जाने वाले विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर बुधवार को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाकर पहले पूरे गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सर्वे किया गया उसके उपरांत कई जगह जन चौपाल लगा कर लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव और सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया।विगत दिनों चीनौर ग्राम के तीन युवक डेंगू पीड़ित निकले थे इसके बाद से जिले से लेकर ब्लॉक तक के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा उक्त ग्राम को अलर्ट मोड पर रखा है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग का मैदानी हमला भी मौजूद रहा।

### ब्राह्मण सम्मेलन के मुख्य संयोजक बने शर्मा

ग्वालियर 20 अगस्त। सकल ब्राह्मण महासमिति की महिला अध्यक्षा श्रीमती बीना भारद्वाज ने बताया कि कोर कमेटी की बैठक प्रधान कार्यालय ऊंट पुल पर संस्थापक डॉ.जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे 15 वां निशुल्क सकल ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का मुख्य संयोजक पंडित सतीश शर्मा केदारपुर को बनाया गया। 80त्न तक अंक लाने वाली कक्षा दसवीं 11वीं 12वीं स्नातक एवं स्नातकोत्तर की प्रतिभा वाली छात्राओं को मौबाइल नम्बर 94253 37405 पर वाट्स एप पर निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं एवं विवाह योग्य युवक युवती के रजिस्ट्रेशन अब 24 अगस्त तक हो सकेंगे।तथा स्मारिका लेने वालों के लिए कूपन प्रधान कार्यालय , ऊंट पुल से सायं काल 5 बजे से 7 बजे तक प्रतिदिन मिलेंगे।

# फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 अगस्त** 18 वर्षीय युवक का शव किराए के घर में फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। जिसके परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का संदेह जताया है। घटना माधौगंज थाना इलाके की है, जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने के उपरांत मामले को विवेचना में ले लिया है।

मूलत: मुरैना जिले की तहसील जौरा स्थित ग्राम धौधा निवासी 18 वर्षीय अजीत धाकड़ पुत्र कल्याण धाकड़ वर्तमान में ग्वालियर की रॉक्सी टॉकीज के पास बड़ा पाव का ठेला लगाता था। जो माधौगंज थाना क्षेत्रांतर्गत बापू दंडी की गोठ स्थित महेंद्र कुमार शाक्य के मकान में किराए का रूम लेकर रहता था। उसके साथ ही काम करने वाला पार्टनर पाटई निवासी करतार धाकड़ भी रहता था। बीती रात अजीत के परिजनों को पुलिस के जरिए सूचना मिली, कि उसने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। जिस पर वह तुरंत ग्वालियर पहुंचे, तो अजीत मृत अवस्था में फांसी के फंदे पर झूल रहा था। जिसकी बॉडी बेहद बुरी हालत में थी, जिसमें से काफी दुर्गंध आ रही थी। शव की यह दशा देख परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का संदेह



जताया है। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को उतरवाकर हॉस्पिटल पहुंचा दिया, जहां बुधवार सुबह उसका पीएम किया गया।

**पार्टनर की भूमिका संदिग्ध-** मृतक के ताऊ के लड़के दशरथ धाकड़ ने बताया कि अजीत और करतार साथ में बड़ा पाव का ठेला लगाते थे, जो एक ही रूम में रहा करते थे। जबकि हमें उसकी मौत की सूचना करीब 25-30 घंटे बाद दी गई है, क्योंकि हम जब उसके रूम पर पहुंचे, तब उसकी बॉडी में से दुर्गंध आ रही थी, जिससे स्पष्ट है कि उसकी मौत काफी पहले हो चुकी थी। वहीं दशरथ से इस बारे में पूछा, तो उसने कोई सटीक जवाब नहीं दिया। यही नहीं अजीत के साथ ठेला लगाने और उसके साथ ही रहने के बावजूद जब उसका पीएम हो रहा है, तब भी वह हॉस्पिटल तक नहीं आया है। ऐसे में करतार की भूमिका भी पूरे एपिसोड में संदिग्ध नजर आ रही है।

#### एक दिन पहले घर से मंगवाए 10 हजार रुपए

दशरथ ने बताया कि अजीत ने एक दिन पूर्व घर से 10 हजार रुपए मंगवाए थे। उसका कहना था कि बड़ा पाव के ठेले पर सामान भरने के लिए यह पैसे चाहिए। उसे हमने यूपीआई के जरिए ऑनलाइन 10 हजार रुपए पहुंचाए थे। वहीं जब उसकी मौत की सूचना पाकर हम उसके रूम पर पहुंचे, तो वहां कोई सामान नहीं आया है। तो फिर उसने हमसे पैसे क्यों मंगवाए थे।

#### कॉल रिकॉर्डिंग व फुटेज चेक करने की मांग

अजीत के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का संदेह जताया है। जिन्होंने उसके मोबाइल की कॉल रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की बारीकी से जांच करने की मांग की है। हालांकि पुलिस द्वारा खुद मामले को संदिग्ध मानते हुए सिलसिलेवार इसकी विवेचना की जा रही है।

#### इनका कहना है

युवका का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला है, जिसकी मौत करीब एक दिन पूर्व होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव का पीएम करवाकर मर्ग कायम किया गया है।

**दिव्या तिवारी**
**थाना प्रभारी माधौगंज**



## क्षेत्र का विकास एवं प्रगति मेरा लक्ष्य : विधायक डॉ. सिकरवार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 अगस्त.** ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में बारिश के कारण सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे आम राहगीरों की परेशानी का सबब बन गए हैं। जनता की समस्याओं को देखते हुये आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार नगर निगम अमला और कांग्रेस साथियों के साथ मुरार के सिंहपुर रोड पहुँचे, और दोनों तरफ की सड़कों पर डामर से पेंच रिपेयरिंग के साथ सफाई अभियान एम एच चौराहा से बारादरी चौराहा तक चलाया गया। इस कार्य के होने से राहगीरों को राहत मिली है।

आज वार्ड क्रमांक 57 में चलेगा सफाई अभियान

नगर निगम महापौर डॉ. शोभा सिकरवार एवं 16 ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार आज गुरूवार को वार्ड क्रमांक 57 के कटोराताल के सामने से बीजासेन मौहल्ला एवं ओफो की बगिया में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। इस अभियान में महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार के साथ नगर निगम अमला एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।

### शिक्षक दिवस पर 2100 शिक्षकों का सम्मान 7 को

ग्वालियर। सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्वाधान् में आगामी 7 सितम्बर को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागर में सायं 4 बजे करीब 2100 शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान किया जायेगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज ललितपुर कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर एक बृहद बैठक हुई ,जिसमें विस्तार से चर्चा की गई।यह जानकारी न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी। आज ललितपुर कॉलोनी स्थित जन उत्थान कार्यालय पर न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में शिक्षक/शिक्षिकाओं के सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से संजय कठठ्ल, न्यास के कोषाध्यक्ष अवध सिंह धाकरे, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, न्यास के संयुक्त सचिव अवधेश कौरव, के.पी. सिंह भदौरिया, कमल किशोर पाठक, विनोद जैन, नीरज राठौर, पार्षद सुरेन्द्र साहू, प्रमोद खरे, अंकित कठठ्ल आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### संभागीय बैठक आज

**ग्वालियर 20 अगस्त.** ग्वालियर-चंबल संभाग में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत लंबित राहत प्रकरणों के निराकरण के संबंध में 21 अगस्त को अहम बैठक रखी गई है। इस दिन यह बैठक संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री की अध्यक्षता में प्रात: 10.30 बजे संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित होगी। बैठक में ग्वालियर व चंबल संभाग के पुलिस अधीक्षक अजाक एवं दोनों संभागों के सभी जिलों के सहायक आयुक्त व जिला संयोजक जनजाति कार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को बुलाया गया है।

## आईटीएम हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर 22 को

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 अगस्त** आईटीएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ग्वालियर द्वारा 22 अगस्त को विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्वालियर चंबल संभाग के प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक डॉ. अरविंद दुबे की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को न सिर्फ नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा, बल्कि उनका उपचार भी मौके पर ही किया जायेगा।

आईटीएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सक डॉ. अरविंद दुबे जी की प्रथम पुण्यतिथि पर आईटीएम हॉस्पिटल ग्वालियर द्वारा विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविरि के दौरान 500 रुपये तक की जांचें पूरी तरह से नि:शुल्क रहेंगी। इन जांचों में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरिन, ईसीजी और नेत्र परीक्षण सहित अन्य जांचें शामिल हैं। यह शिविर आईटीएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंट सिथौली ग्वालियर में सुबह 10 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

डायरेक्टर डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि शिविर के दौरान एक्स-रे महज 50 रुपये में किया जाएगा। इसके साथ ही अल्ट्राउंड सिर्फ250 रुपये में किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो, यूरो, गायनिक, कैंसर, ऑर्थोपेडिशियन सहित विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पूरी तरह नि:शुल स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसके अलावा मोतियाबिद का ऑपरेशन भी नि:शुल्क किया जाएगा।

डायरेक्टर डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि आईटीएम हॉस्पिटल में शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार और जांचें भर्ती करके पूरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लें। इस शिविर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 9090191964 और 9090191963 संपर्क कर सकते हैं।

#### उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं

पूर्ण रूप से संचालित ओपीडी, मॉर्डुलर ऑपरेशन थियेटर, जनरल सर्जरी (ओटी), स्त्री रोग एवंप्रसूति (ओटी), क्रिटिकल केयर यूनिट, रेडियोलॉजी, ऑटोमेटिक लैब, डायलिसिस सेंटर, मेडीकल आई.सी.यू., सर्जीकल आई.सी.यू.

#### नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू)

जनरलवार्ड, स्त्री वार्ड, प्राइवेट रूम्स, ट्रॉमासेन्टर आपातकालीन सेवाएं- दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन्स की सुविधा, घुटने एवं कूल्हे की हड्डी का ट्रांसप्लांट, न्यूरो एवं स्पाइनसर्जरी, पेशेंट बेड लिफ्ट सुविधा, फार्मेसी

## पर्व के दिन पापों को विसर्जित करने के लिए आते हैं : साध्वी श्री लयस्मिता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 20 अगस्त** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के 8 दिवसीय पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व बुधवार से प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर श्वेताम्बर जैन समाज के लोगों ने सराफा बाजार स्थित मंदिर में पहुंचकर चिन्तामणि पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन, प्रक्षाल, स्नात्र पूजा व अष्टप्रकारी पूजा की। तदुपरांत उपाश्रय भवन में महापर्व के प्रथम दिन उपस्थित श्रावकों को साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी, साध्वी श्री अमीवर्षा श्री जी, साध्वी श्री भव्योदया श्री जी, साध्वी श्री गुणोदया श्री जी, साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी आदि ठाणा - 5 के प्रवचन हुए। प्रवचन देते हुए साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने नंदीश्वर द्वीप का वर्णन किया कि जहां जाकर देव-देवेन्द्र अट्ठाई महोत्सव मनाते हैं और परमात्मा की भक्ति, पूजा आदि करते हैं। पर्व शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि पर्व काव्य खण्ड को भी कहते हैं। अंगुली के पांखों



को भी पर्व कहा जाता है। पर्व अर्थात पवित्र दिन। अनादि काल से हम संसार में भटक रहे हैं, कारण क्या? हमने धर्म नहीं किया या पाप कर्म ज्यादा किया, क्योंकि पाप कर्म ज्यादा किया, ये पर्व के दिन उन्हीं पापों के विसर्जन के लिए आते हैं।

उन्होंने बताया कि पर्व दो तरह के होते हैं लौकिक व लोकोत्तर। लौकिक केन्द्र में शरीर, शरीर को ही सजाना, देखना-दिखाना है तथा लोकोत्तर केन्द्र में आत्मा है। आत्मा का श्रृंगार-आत्म गुणों के द्वारा किया जाता है। पर्यूषण लोकोत्तर पर्व है जो मन को मांजने वाला भेदों को भेदने वाला, आत्म निरीक्षण, आत्मशोधन करने वाला है। यह पर्व जीवन प्रगति के लिए प्रकाश स्तंभ है जो शुरू होता है भादौ वदी बारस से और पूर्ण होता है भादों सुदी चतुर्थी को, अर्थात अंधियारे (कृष्ण) पक्ष से उजियाले (शुक्ल) पक्ष की ओर ले जाने वाला यह पर्व है। साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने प्रवचन देते हुए कहा कि जैसे मोबाइल में हम अच्छी चीजों को सेव करते हैं और बिना काम की चीजों को डिलीट कर देते हैं। वैसे ही हमें हमारे जीवन में परमात्मा की वाणी को सेव करना है। किसी के अपशब्द, कटु व्यवहार, दूसरों की गलतियों को डिलीट करना है। पयूर्षण में क्या करना? उसके लिए 5 करणीय कर्त्तव्यों का वर्णन आता है।

1. अमारी प्रर्वतन (जीव दया), 2. साधार्मिक भक्ति, 3. चैत्य परिपाटी, 4. तप-त्याग, 5. क्षमायाचना के बारे में बताते हुए साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने कहा कि किसी जीव को मरने से बचाना अभयदान है। श्री संघ के अध्यक्ष सुनील दफ्तरी, सचिव लोकेश शाह, कोषाध्यक्ष सुशील श्रीमाल, सहसचिव चैतन्य कोठारी, वरिष्ठ ट्रस्टी गजेन्द्र गुगलिया, संजीव पारख, ट्रस्टी भूषण बांठिया व हर्षित नाहटा ने बताया कि कल पर्व के दूसरे दिन 21 अगस्त, गुरूवार को प्रात: 9 बजे से साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी के मुखारविंद से अठठाई व्याख्यान सराफा उपाश्रय में होगें। रात्रि भक्ति सराफा मंदिर जी में 8.30 बजे से होगी।

### घर से गायब अपहृत नाबालिग बालक मिला

**ग्वालियर 20 अगस्त.** घर से गायब हुए अपहृत नाबालिग बालक को थाना हजीरा पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। रमेश सिंह (परिवर्तित नाम) निवासी पावई जिला भिण्ड हाल गदाईपुरा थाना हजीरा ने थाना पर रिपोर्ट कराई थी कि उसका लड़का रिहान(परिवर्तित नाम) उम्र लगभग 14 साल घर से बिना बताये कहीं चला गया। जिसका आसपास व रिश्तेदादियों तथा दोस्तों में तलाश की गई लेकिन कुछ पता नही चला।


**दतिया में नवभारत की एजेंसी देना है**

दतिया में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए एजेंसी दिया जाना है। अखबार क्षेत्र में कार्य का अनुभव रखने वाले संपर्क करें।

नवभारत कार्यालय
सिटी सेंटर, ग्वालियर
मो. 94793 - 19990


### खुद पर गोली चलवाकर दूसरे पक्ष को फंसाना चाहा, हुआ गिरफ्तार

**ग्वालियर।** क्रॉस केस कायम कराने के उद्देश्य से खुद पर गोली चलवाकर दूसरे पक्ष को फंसाने के लिए झूठी रिपोर्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ग्राम सिला में सौरभ बाथम से आरोपी सागर परिहार के साथ हुए झगड़े की बात पर आरोपी सागर ने अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर ग्राम सिला में फरियादी व उसके परिजनों पर पथराव व हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई थी, जिसमें फरियादी सौरभ बाथम व तीन अन्य लोग घायल हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बेलगढ़ा में आरोपी सागर परिहार, भंवर सिंह परिहार सहित एक दर्जन लोगों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उक्त अपराध में क्रॉस क़ायमी कराने के उद्देश्य से आरोपी सागर परिहार के पिता रणवीर परिहार ने अपने दूसरे साथी से खुद के पैर में कट्टे से गोली दिलवाकर, दूसरे पक्ष के लोगों के विरुद्ध झूठा मामला दर्ज करने के उद्देश्य से थाना बेलगढ़ा में पुलिस को रिपोर्ट की थी।





**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु
फीमेल रिसेप्सनिस्ट
की आवश्यकता है।

संपर्क
पता :- सुभाष नगर, हजीरा, ग्वालियर म.प्र.
मोबा. - 7987318589




